***हेरिटेज निगम ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण, दस ट्रक माल किया जब्त***

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज जयपुर की सतर्कता शाखा ने सोमवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दस ट्रक माल जब्त किया है। इस संबंध में हेरिटेज निगम के सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर दस्ते ने छोटी चौपड़, चांदपोल, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, पुरानी चुंगी, दिल्ली बाईपास रोड, मानबाग, ट्रांसपोर्ट नगर, गोविंद मार्ग, स्टेच्यू सर्किल, सहदेव मार्ग, वानिकी पथ, योजना भवन और सी स्कीम में सड़क और बरामदे पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई की। इस दौरान दस ट्रक माल जब्त किया गया और पांच हजार रुपए की रसीद भी काटी गई है।




नगर निगम जयपुर हैरिटेज
एक कदम स्वच्छता की ओर
Shot on OnePlus


Shot on OnePlus